अनुक्रमांक .......................................                                                                                समय : 2.00 घण्टा

नाम ...............................................                                                                                          पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2023
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'शिक्षण एक त्रिध्रुवी प्रक्रिया है' कथन है- **(1)**

(A) जान्सन (B) एडम्स
(C) बी.एस.ब्लूम (D) जान डीवी

**2.** किस शिक्षाशास्त्री ने शिक्षा को सम्पूर्ण जीवन माना है- **(1)**

(A) टी.पी.नन (B) स्पेन्सर
(C) जॉन लॉक (D) आदि शंकराचार्य

**3.** सम्प्रेषण शब्द का लैटिन वर्ड 'कम्यूनिस' का आशय है- **(1)**

(A) सामान्य (B) असामान्य
(C) उपयोगी (D) आदान-प्रदान

**4.** सम्प्रेषण के तत्व हैं- **(1)**

(A) सन्देश (B) माध्यम
(C) स्रोत (D) उपर्युक्त सभी

**5.** 'पूर्ण से अंश की ओर' शिक्षण सूत्र किस सिद्धांत पर आधारित है- **(1)**

(A) पुनर्बलन सिद्धांत (B) क्रिया-प्रसूत सिद्धांत
(C) गेस्टाल्ट सिद्धांत (D) उद्दीपन-अनुक्रिया सिदांत

**6.** प्रश्नोत्तर प्रविधि के जनक कौन हैं? **(1)**

(A) सुकरात (B) प्लेटो
(C) अरस्तू (D) डीवी

**7.** निदान की प्रक्रिया से सम्पादित होता है- **(1)**

(A) समस्या पहचान (B) समस्या समाधान
(C) समस्या की आवश्यकता (D) उपर्युक्त सभी

**8.** सूक्ष्म शिक्षण में निम्न में कौन से तत्व का समावेश नही होता है- **(1)**

(A) सूक्ष्म समय (B) सूक्ष्म कक्षा-आकार
(C) वृहद् पाठ्य वस्तु (D) अभ्यास आधारित शिक्षण

**9.** पाठशाला/विद्यायल को उद्यान की संज्ञा दी- **(1)**

(A) हरबर्ट (B) माण्टेसरी
(C) फ्रोबेल (D) फ्रैंकलिन

**10.** व्याख्यान विधि में छात्र बने रहते हैं- **(1)**

(A) सक्रिय (B) उत्साही
(C) क्रियाशील (D) निष्क्रिय

**11.** प्राचीन कालीन शिक्षण विधियाँ थीं- **(1)**

(A) पाठ्यक्रम केन्द्रित (B) शिक्षक केन्द्रित

(C) पाठ्य-पुस्तक केन्द्रित (D) बाल केन्द्रित

**12.** 'प्रस्तावना प्रश्न' का सम्बन्ध है- **(1)**

(A) विषयवस्तु से (B) पूर्वज्ञान से

(C) शिक्षक ज्ञान से (D) अश्रृंखलाबद्धता से

**13.** बच्चों में कल्पना शक्ति का विकास किया जा सकता है- **(1)**

(A) समूह कार्य द्वारा (B) व्याख्यान द्वारा

(C) कहानी द्वारा (D) प्रश्नोत्तर द्वारा

**14.** पाठ के प्रमुख तथ्यों को बार-बार दोहराना किस शिक्षण सिद्धान्त के अन्तर्गत आता है? **(1)**

(A) चयन का सिद्धांत (B) प्रेरणा का सिद्धांत

(C) आवृत्ति का सिद्धांत (D) नियोजन का सिद्धांत

**15.** पर्यटन विधि से छात्रों में विकास होता है- **(1)**

(A) समय का सदुपयोग (B) मनोरंजकता

(C) बौद्धिकता (D) निरीक्षण या अवलोकन

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिक्षण में प्रश्नोत्तर प्रविधि का क्या महत्व है? **(1)**

**17.** बहुस्तरीय कक्षा-शिक्षण किसे कहते हैं? **(1)**

**18.** सम्प्रेषण की चार विशेषताएँ बताइए। **(1)**

**19.** 'बाल-केन्द्रित शिक्षण' का क्या अर्थ है? **(1)**

**20.** सूक्ष्म शिक्षण से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**21.** शिक्षण सामग्री का वर्गीकरण कितने भागो में किया गया है? **(1)**

**22.** पुनर्बलन को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**23.** अनुदेशन का क्या आशय है? समझाइए। **(1)**

**24.** शिक्षण के अभिप्रेरणा सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**25.** प्रश्नीकरण कौशल के किन्ही दो घटकों का नाम लिखिए। **(1)**

**26.** एलेन तथा रियान ने कितने शिक्षण कौशलों का उल्लेख क्रिया। **(1)**

**27.** विज्ञान विषय के शिक्षण के लिये सर्वाधिक उपयोगी विधि कौन सी है? **(1)**

**28.** अपेक्षित अधिगम स्तर को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**29.** शिक्षक केन्द्रित शिक्षण के दो दोष लिखिए। **(1)**

**30.** शिक्षण अधिगम सामग्री के रख-रखाव में क्या सावधानी रखनी चाहिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** शिक्षण एवं प्रशिक्षण में अन्तर को समझाइए। **(2)**

**32.** शिक्षण में उपचारात्मक एवं निदानात्मक शिक्षण को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**33.** शिक्षण में मनोरंजन एवं रूचि के सिद्धांतों को समझाइए। **(2)**

**34.** ब्लूम द्वारा सम्पादित शिक्षण के उद्देश्य बताइए। **(2)**

**35.** वैयक्तिक विभिन्नता के सिद्धांत से आप क्या समझते हैं? संक्षेप में बताइए। **(2)**

**36.** खेल-विधि की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**37.** विधि एवं प्रविधि में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**38.** शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर का उपयोग बताइए। **(2)**

**39.** सहभागी शिक्षण के उद्देश्य बताइए। **(2)**

**40.** शिक्षण में व्याख्यान प्रविधि को समझाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2023

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN